जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा

www.dainikjagranmpcg.com ✹ राहतगढ़ ✹ खुरई ✹ पथरिया ✹ सिलवानी ✹ गैरतगंज ✹ गंजबासौदा ✹ सिरोंज ✹ बीना ✹ शमशाबाद

भोपाल 1 फरवरी 2026

रुद्राक्ष धाम में सात दिवसीय श्रीराम कथा शुरू, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

रामकथा : श्रद्धा और विश्वास है तो जीवन में सब कुछ मिलता है : प्रेमभूषण महाराज

जागरण, सागर। रामचरित मानस का लाभ प्राप्त करने के लिए मनुष्य के अंदर श्रद्धा भाव सबसे आवश्यक है। मानस जी का प्रारंभ भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के प्रसंग से शुरू होता है। इसके पीछे भी यह सबसे बड़ा कारण है कि भगवान शिव विश्वास के प्रतीक हैं और माता पार्वती श्रद्धा की प्रतीक हैं। जिस मनुष्य में श्रद्धा और विश्वास का भाव उपस्थित होगा वही रामचरितमानस में गोता लगाकर भगवान का दर्शन प्राप्त कर सकेगा। यह उद्गार सागर स्थित रुद्राक्ष धाम में निर्मित भव्य कथा मंडप में सप्त दिवसीय श्री राम कथा का गायन प्रारम्भ करते हुए पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए व्यक्त किए।

सरस् श्रीराम कथा गायन के लिए लोक ख्याति प्राप्त प्रेममूर्ति पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के पावन संकल्प से आयोजित सात दिवसीय रामकथा गायन के क्रम में कहा कि श्रद्धा और विश्वास नहीं है तो कुछ भी प्राप्ति नहीं होती है। जैसे संशय स्वरूपा माता सती श्रीराम कथा सुनने गई लेकिन कथा उनके कान में नहीं उतरी। जिसकी जितनी श्रद्धा दृढ़ है उसको उतनी ही भगवद् फल की प्राप्ति है। श्रद्धा में अर्पण और समर्पण हो तो श्रद्धा अवश्य फल प्रदान करती है। पूज्यश्री के अनुसार हम जो करते हैं उस पर हमें ही विश्वास नहीं होता है तो फिर कैसे भगवान का दर्शन होगा।

खटपट मिटे तो झटपट दर्शन होगा। लाख कोई समझाए, भटकना नहीं है। जो इष्ट हैं उनमें केवट भैया और शबरी मैया की तरह से निष्ठ रहना है। सुग्रीव जी की तरह नहीं बनाना है। भगवान से मिलने के बाद भी संसार में लिपट कर भगवान को ही भूल गए। पूज्य महाराज जी ने कहा कि हम जिस युग में जी रहे हैं वहां कोई भी मनुष्य विकारों से दूर नहीं रह पाता है। कामनाओं के मैल मन में तरह-तरह के विकार पैदा करते रहते हैं और इससे मनुष्य का जीवन कष्टमय हो जाता है। अगर हम सहज रहना चाहते हैं, सहज जीना चाहते हैं तो हमारे पास इस कलियुग के मैल को काटने और धोने का एकमात्र साधन है श्री राम कथा। काम, क्रोध, लोभ, मद और मत्सर आदि विकार कलिमल कहे जाते हैं। इससे बचने का एकमात्र सहज साधन श्री राम कथा ही है। मानस जी में लिखा है इस कथा को जो सुनेगा, कहेगा और गाएगा वह सब प्रकार के सुखों को प्राप्त करते हुए अंत में प्रभु श्रीराम के धाम को भी जा सकता है। पूज्यश्री ने कहा कि जब मन पर कलिमल का प्रभाव हो तो चाह कर भी मनुष्य सत्कर्म के पथ पर आगे नहीं बढ़ पाता है। मनुष्य का मन और उसकी बुद्धि उसके अपने कर्मों के अधीन है। हम जो भी कर्म करते हैं उसे हमारा क्रियमाण बनता है। यही कर्म फल एकत्र होकर संचित कर्म होता है और फिर कई जन्मों के लिए यह प्रारूप प्रारब्ध के रूप में जीव के साथ जुड़ जाता है।

तीसरा मार्ग अपनाने से बचें

पूज्य श्री ने कहा कि अगर हमारे घर में जीवित माता-पिता हैं तो वही हमारे भगवान हैं। माता-पिता की सेवा करके हम वह सब प्राप्त कर सकते हैं जो हम भगवान से चाहते हैं। श्री रामचरितमानस में यह बताया गया है की माता-पिता की आज्ञा मानने वाले, गुरु और अपने से बड़ों की आज्ञा मानने वाले सदा ही सुखी रहते हैं। उन्होंने बताया कि धरती पर तीन प्रकार के लोग होते हैं। एक तो अपने प्रारब्ध के कारण सब कुछ जानने के कारण उचित कार्य ही करते हैं, दूसरे वह है जो दूसरों के अच्छे कार्य को देखकर समझ के कार्य करते हैं। और तीसरे वह हैं जो गलत करते हैं भुगतते हैं और तब उससे सीखते हैं। हमें तीसरा मार्ग अपनाने से बचना चाहिए।

सीएमओ की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह

जागरण, मालथौन। नगर परिषद मालथौन के मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रभुशंकर खरे सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्ति पर नगर परिषद स्टाफ द्वारा विदाई समारोह ऑडोटोरियम में आयोजित किया गया। समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और विभागीय अधिकारी कर्मचारीगण सम्मलित होकर उन्हें श्रीफल शॉल तथा स्मृतिचिन्ह भेंटकर ससम्मान विदाई दी। खरे सेवानिवृत्ति पर उनके परिवार जन कार्यालय पहुंचे। उत्साह के साथ बैंडबाजों से लेकर आए समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार बघेल ने उनके कार्यकाल की सराहना की। कार्यक्रम में नप अध्यक्ष जयंत सिंह बुन्देला ,श्रीमती मीनादेवी कुशवाहा बरोदिया, उपाध्यक्ष मालती अहिरवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह लोधी, नीतेश यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता रावराजा राजपूत,आरसी डेव,ओमकार सिंह सिसोदिया, सिरनाम सिंह तोमर, प्रमोद तिवारी, कोमल यादव, रूपकिशोर नामदेव ,गोलू राय सहित पार्षदगण, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिकगण शामिल हुए।

शादी भाग कर नहीं, जागकर करें: आचार्य अरविंद

जागरण, सागर। श्री सिद्ध बाबा धाम धार समनापुर में चल रही संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण में आज महा रास की कथा कंस वध रुक्मणी विवाह प्रसंग श्रवण कराया गया रुक्मणी विवाह प्रसंग में कथा व्यास जी ने कहा कि शादी भाग कर नहीं जाग कर करनी चाहिए। जितना बच्चों के विषय में माता-पिता उचित सोच सकते हैं उतना दुनिया का अन्य व्यक्ति नहीं। आधुनिक परिवेश में मर्यादित जीवन अति अनिवार्य है।

न्यूज कार्नर

स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित

जागरण, गौरझामर। एसडीओपी के स्थानांतरण पर गौरझामर थाने में विदाई समारोह का आयोजन किया। जिसमें एसडीओपी शशिकांत सरयाम का थाना प्रभारी नासिर फारूकी ने श्रीफल फूलमालाओं से सम्मान कर बधाई दी और उनके कार्यकाल की प्रशंसा की गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों देवरी क्षेत्र के पुलिसकर्मियों ने उनके कार्यकाल की सराहना की।

अज्ञात कारणों के चलते नीलगाय की मौत

जागरण, राहतगढ़। वन परिक्षेत्र अंतर्गत खुरई तिगड़ा के पास एक वन्यप्राणी नीलगाय की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। घटना के संबंध में ग्रामवासियों ने वन परिक्षेत्र कार्यालय में सूचना दी। जिसके बाद रेंजर मनीषसिंह ने वन अमले को भेजा। जहां मौके पर उक्त नील गाय मृत अवस्था में पाया गया। मौके पर पंचनामा कर पशु चिकित्सक से पोस्टमार्टम करवाकर वन परिक्षेत्र राहतगढ़ की निगरानी में अंतिम संस्कार कराया गया। कार्यवाही में डिप्टी रेंजर हरगोविंद अहिरवार नीलेश मोतीराम घोषी आदि मौजूद थे।

मंत्री राकेश सिंह का आज सागर आगमन

जागरण, सागर। लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह का 1 फरवरी रविवार को सागर आगमन प्रस्तावित है। लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह 1 फरवरी को प्रातः 10:45 बजे भोपाल से रवाना होकर दोपहर 1:30 बजे सागर पहुंचेंगे। तत्पश्चात मंत्री सिंह दोपहर 2 बजे बहेरिया रोड बमौरा स्थित रुद्राक्ष धाम मंदिर परिसर में प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

कलेक्टर ने किया लोअर चंदिया डैम का निरीक्षण, दिए निर्देश

जागरण, सागर। कलेक्टर संदीप जीआर ने अधिकारियों के साथ लोअर चंदिया डैम का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी, एसडीएम नवीन ठाकुर, जल संसाधन विभाग अखिल बिरथरे सहित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर संदीप जीआर शाहगढ़ विकासखंड पहुंचकर चंदिया डैम पहुंचे जहां उन्होंने चंदिया बांध का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए उन्होंने कहा कि इस बांध की मरम्मत करने के लिए कार्य योजना तैयार की जावे जिससे कि सिंचाई के साथ पेयजल भी उपलब्ध हो सकेगा और शाहगढ़ की समस्या का निदान हो सकेगा। कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने बांध का निरीक्षण करते हुए कहां की यह डेम अत्यधिक महत्वपूर्ण है इसकी मरम्मत के लिए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जावे। जल संसाधन विभाग के अखिल बिरथरे ने बताया कि यह लोअर चंदिया डैम 1926 में बना जिसमें कैचमेंट एरिया 80 स्क्वायर किलोमीटर का है जिसमें भराव क्षमता 5.86 एमसीएम की है जिसमें से 5.77 एमसीएम पानी दिया जाता है उन्होंने बताया कि इस 0.09 एमसीएम जल भराव क्षमता है इस बांध से 2250 हेक्टेयर भूमि सिंचित होती है इसी प्रकार उन्होंने बताया कि इसी लोअर चंदिया डैम के ऊपर अपर चंदिया डैम बना हुआ है जिसमें 8.86 एमसीएम पानी का



भराव होता है जिसमें से 7.96 एमसीएम पानी लोअर चंदिया में भेज कर सिंचाई की जाती है। दोनों बांध से 13.73 एमसीएम पानी प्राप्त होता है उन्होंने बताया कि इस बांध की मरम्मत होने पर एवं जो नहर बनी हुई है उनकी मरम्मत होने पर और भी भूमि संचित हो सकेगी और पेयजल की समस्या भी दूर होगी उन्होंने बताया कि इस बांध की कार्य योजना ड्रिप के अंतर्गत तैयार की जा कर केंद्र सरकार सी डब्लू सी को भेजी जा चुकी है, उनके द्वारा उठाई गई आपत्तियों का निराकरण किया जा रहा है।

नाले में मिला नर कंकाल

जागरण, गढ़ाकोटा। गढ़ाकोटा तहसील अंतर्गत ग्राम संजरा में उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के नाले में एक नर कंकाल मिलने की सूचना सामने आई। नाले के पास ग्रामीणों ने कंकाल देखा, जिसके बाद क्षेत्र में भय और चर्चा का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही गढ़ाकोटा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर कंकाल को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर कंकाल को पोस्टमार्टम एवं फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। गढ़ाकोटा थाना प्रभारी शिवम् कुमार दुबे ने बताया कि प्रथम दृष्टया कंकाल नर का प्रतीत हो रहा है और यह पुराना लग रहा है। अभी मृत्यु के कारणों का पता नहीं चल पाया है। फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

पीएम श्री हायर सेकंडरी स्कूल में कैरियर गाइडेंस मेला का आयोजन, जानकारी दी

जागरण, सीहोरा। नगर की शासकीय पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल में शासन के निर्देशानुसार 27 जनवरी से 31 जनवरी तक करियर गाइडेंस मेला का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मेला के दौरान छात्र-छात्राओं को उनके पसंदीदा विषयों में विशेष रुचि लेकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि आप जिस विषय में रुचि रखती है उस पर विशेष ध्यान देकर अपना लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी करें और लगन परिश्रम के साथ पढ़ाई करें। उपस्थित शिक्षक और शिक्षिकाओं ने बच्चों को विश्वास दिलाते हुए कहा की आपको जहां भी परेशानी और सीखने की जिज्ञासा हो तो तत्काल संपर्क करें पढ़ाई में जो समस्या आ रही हो तत्काल बताएं जिससे आपकी विषय की तैयारी अच्छी होगी और सफलता मिलेगी। ग्राम की बृज बिहारी तिवारी ने कहा मैं कृषि कार्य करता हूं पहले शिक्षण कार्य भी कर चुका हूं जो भी करता हूं पूरी लगन और तन्मयता से करता हूं कोई भी काम में शर्म नहीं आनी चाहिए। एडवोकेट कमल रजक ने सूक्ष्मदर के साथ छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। स्कूल के प्राचार्य एस आर पटेल, व्याख्याता नवीन रावत, रावत जी, के एल अहिरवार, के एल रजक ,आर के पाटकर , आशुतोष तिवारी, श्रीमती अनीता जड़िया, श्रीमती अर्चना शुक्ला, श्रीमती सरिता ताम्रकार, श्रीमती नम्रता जैन,श्रीमती कल्पना पटेल, सुनीता साहू, श्रीमती गरिमा सोनी, श्रीमती ज्योति, श्रीमती वैदेही राजपूत सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

सांदीपनि विद्यालय में हुआ कैरियर मेला का समापन

जागरण, राहतगढ़। नगर के सांदीपनि विद्यालय में साप्ताहिक करियर मेला का समापन किया गया। मेला में प्रतिदिन विशिष्ट अतिथियों द्वारा छात्र छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करने वालों में तहसीलदार निर्मल सिंह राठौर एसडीओपी योगेंद्र भदोरिया प्राचार्य सुरेश पटेल एवं अन्य शिक्षकों द्वारा शिक्षा विभिन्न विधाओं कौशलों एवं विभिन्न क्षेत्रों में किस प्रकार छात्र अपने जीवन में आगे बढ़कर विभिन्न पदों को प्राप्त कर सकते हैं आदि के संबंध मार्गदर्शन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक अतिथियों से विभिन्न प्रकार के प्रश्न किए जिनके उत्तर अतिथियों के द्वारा दिए गए। साथ ही उनकी शंका समाधान किया गया। कार्यक्रम में मुकेश मिश्रा नवीन राय सनातन तिवारी डालमनी साहू अभिषेक सिंह महेश रोहित सुरेश अहिरवार एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

पुलिस अधिकारियों को भावभीनी विदाई

जागरण, सागर। पुलिस कंट्रोल रूम में शनिवार को पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों के सम्मान में गरिमामय एवं भावनात्मक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी,

सहकर्मी एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में कार्यवाहक निरीक्षक रामस्वरूप उपाध्याय, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक शिरीष कुमार, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक तरवर सिंह, आर. ट्रेड हेमराज धारू, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक रेवाराम कोरी शामिल रहे। विदाई समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उइके, एस.डी.ओ.पी. राहतगढ़ योगेंद्र सिंह भदौरिया, रक्षित निरीक्षक वायकर की विशेष उपस्थिति रही। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे सभी पुलिस कर्मियों के उत्कृष्ट, अनुशासित एवं निष्ठावान सेवाकाल की मुक्तकंठ से सराहना की गई। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त अधिकारियों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। पुलिस परिवार की ओर से दी गई इस विदाई ने कार्यक्रम को भावुक और यादगार बना दिया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिवारजन भी उपस्थित रहे।

पांच दिवसीय कैरियर सप्ताह मेला का समापन

जागरण, जैसीनगर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक संदीपिनी विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12 वीं के छात्रों के लिए आयोजित पांच दिवसीय कैरियर सप्ताह मेला शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम पूर्व डीएसपी एवं राष्ट्रीय कवि मदन मोहन समर की उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी ओजस्वी कविताओं की पंक्तियों के माध्यम से छात्रों का उत्साहवर्धन किया और कैरियर चयन, पुलिस विभाग में कैरियर बनाने की प्रक्रिया, आवश्यक तैयारी और संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष हरनाम सिंह ने छात्रों को राजनीति, समाज सेवा, संगठन, एनजीओ और बीएसडब्लू एमएसडब्ल्यू जैसे कोर्सों के अवसरों की जानकारी दी, जबकि कृषि विभाग के एआईओ चिंतामन आवास ने कृषि क्षेत्र में कैरियर बनाने की विस्तृत जानकारी साझा की।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य के.एल. सिलावट, नोडल अधिकारी केएम बडोनिया और काउंसलिंग प्रभारी रोशनी मिश्रा, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह ठाकुर, राघवेंद्र सिंह ठाकुर सहित विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। शिक्षिका रानू राजोरिया ने आभार व्यक्त किया।

CHANGE OF NAME AND D.O.B.

I, URMILA DEVI, IS MOTHER OF ARMY NO-4591721W, RANK.-NK, NAME-VIVEKANAND PANDEY SERVING INDIAN ARMY HOME ADDRESS-VILL. PANDEYDIH, POST-KOIRIDIH, DIST.-DEOGHAR, STATE-JHARKHAND, PIN CODE-814152, HAVE CHANGED MY NAME FROM URMILA DEVI to SHILA DEVI AND MY DATE OF BIRTH FROM 02/04/1965 TO 01/01/1965 VIDE AFFIDAVIT DATED 31/01/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

धर्म-कर्म

वंशीपहाड़पुर के पत्थरों से बगैर आयरन से तैयार हो रहा 66 फुट ऊंचा मंदिर का गर्भगृह

देश का प्रथम संत रविदास मंदिर ले रहा पूर्ण आकार

जागरण, सागर। अयोध्या धाम के भगवान श्री रामलला मंदिर में लगे राजस्थान के धोलपुर वंशीपहाड़पुर के लाल पत्थरों से देश का प्रथम 101 करोड़ रू. की लागत का संत रविदास मंदिर पूर्ण मूर्तरूप ले रहा है संत रविदास मंदिर 66 फुट ऊंचा होगा। मंदिर के गर्भगृह में किसी भी प्रकार के लोहे का उपयोग नहीं होगा, केवल पत्थर, रेत, गिटटी का उपयोग करते हुए मंदिर को भव्य एवं दिव्य रूप दिया जा रहा है।मंदिर के शुरू होने से रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि विगत वर्ष संत रविदास जंयती के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के द्वारा 101 करोड रू. की लागत से संत रविदास मंदिर, संग्राहालय की घोषणा की गई थी। जिसका भूमि पूजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। उन्होंने बताया कि संत रविदास मंदिर के निर्माण की केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा सतत् मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि संत रविदास मंदिर एवं संग्रहालय में जो प्रमुख रूप से विशेषताएं रहेगी, उनमें बारहवीं-तेरहवीं शताब्दी का समय भारत में भक्ति आंदोलन का समय था। मध्यकाल में कई संतों ने सामाजिक समानता और जाति आधारित भेदभाव उन्मूलन पर बल दिया। इनमें रविदासजी महान सुधारक और सत्य के उपदेशक बनकर प्रमुख संत के रूप में प्रतिष्ठित हुए। अपनी रचनाओं के माध्यम से रविदासजी ने ईश्वर के एक रूप का स्वीकार किया,

जाति भेद की आलोचना की और समानता का समर्थन किया। 'संत शिरोमणि' उपाधि प्राप्त गुरु संत रविदास को लोग 'रैदास' के नाम से भी जानते हैं। संवत 1377, काशी में माघ पूर्णिमा के दिन जन्मे संत रैदास की रचनाएँ आध्यात्मिक एवं सामाजिक रूप से काफी प्रगतिशील रही। रैदासजी ने अपने आचरण तथा व्यवहार से प्रमाणित किया कि मनुष्य जन्म से नहीं अपने कर्मों से महान बनता है।

संत रविदास मन्दिर और संग्रहालय

मध्यप्रदेश सरकार, संत रैदास के सामाजिक परिष्कार एवं एकता के विचार और लोक- परिमार्जन एवं मानवता की वाणी को रक्षित करने का प्रयास करने जा रही है। मध्यप्रदेश सरकार ने संत रविदास के सराहनीय कार्यों को महान श्रद्धांजलि देने का विचार किया है। साथ ही, संत रविदास की वाणी-विरासत को सुरक्षित रखकर नई पीढ़ी तक पहुंचाने हेतु मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 'संत रविदास मन्दिर और संग्रहालय' का निर्माण करने जा रही है। सागर जिले में मन्दिर एवं संग्रहालय का निर्माण श्रद्धेय कवि व समाज सुधारक संत रविदासजी के सत्कार्यों को अंजली देना एवं उनके जीवन-मूल्य व विरासत को उजागर करना है। समानता एवं ईश्वर के प्रति समर्पण भाव इस मन्दिर और संग्रहालय का केन्द्र बिंदु बनेगा। संत रविदास मंदिर एवं संग्रहालय का भवन - संत रविदास मन्दिर एवं संग्रहालय' परिसर विभिन्न सुविधाओं के साथ देश-विदेश के कई साधक, संशोधक एवं भक्तों को आकर्षित करेगा। आधुनिक संसाधन, रोशनी, पेड़-पौधों से परिसर का वातावरण ज्ञान के साथ सुकून का अनुभव करायेगा। साथ ही, इस परिसर की डिज़ाइन वास्तुकला के आधार से तैयार की जायेगी।

न्यूज कार्नर

खमरिया बिजोरा स्कूल में कैरियर मेला संपन्न

दमोह। शासकीय उमा विद्यालय खमरिया बिजोरा में गत चार दिवसों से आयोजित करियर मेले का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। करियर मेले के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में करियर निर्माण से जुड़े विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में विधि के क्षेत्र से एडवोकेट दीपक श्रीवास्तव ने कानून से जुड़े करियर अवसरों पर प्रकाश डाला। देश के रक्षा मंत्रालय में करियर की संभावनाओं पर राजेश ठाकुर, कर्नल जबलपुर रेंज ने विद्यार्थियों को जानकारी दी। मीडिया के क्षेत्र में करियर से संबंधित अवसरों पर वरिष्ठ पत्रकार गणेश अग्रवाल ने मार्गदर्शन किया।

इसके साथ ही व्यवसाय एवं ट्रांसपोर्टेशन के क्षेत्र में करियर विषय पर राहुल जैन ने विद्यार्थियों को उपयोगी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय के संतोष ठाकुर द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन नेहा गौतम ने किया। इस अवसर महेश ठाकुर, दिलीप कुलस्ते, नीरज विश्वकर्मा, नीरज पांडे, भावना पांडे, विकास सोनी, प्रदीप रैकवार, अमित राजपूत, दिलीप मिश्रा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

शोभायात्रा आज

दमोह। संत शिरोमणि रविदास जयंती पर शोभायात्रा आज 1 फरवरी को आयोजन किया जा रहा है। जो कीर्ति स्तंभ, बस स्टैंड, स्टेशन चौरहा, राय चौराहा होते हुये घंटाघर से अम्बेडकर चौक पर समापन किया जायेगा। शोभायात्रा 2 बजे से प्रारंभ की जायेगी।

अखंड रामायण संपन्न

हटा। अंधियारा बगीचा पर स्थित मंदिर में भगवान विश्वकर्मा प्रगट उत्सव के अवसर पर महिला मंडल के द्वारा अखंड रामायण आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने रामायण का पाठ किया। इस दौरान भगवान विश्वकर्मा हवन पूजन और भंडार का भी आयोजन किया गया।

द्वितीय दमयंती व्याख्यान माला आयोजित, जनसेवा के प्रति समर्पण से मिश्रा ने समाज में छोड़ी अमिट छाप : विधायक मलैया

दमोह की माटी से आज भी है विशेष लगाव : एसएन मिश्रा

जागरण दमोह। दमोह जिला उनके लिए केवल एक पदस्थापना नहीं बल्कि भावनात्मक जुड़ाव का केंद्र रहा है। प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र प्रभार के रूप में उनकी प्रथम पदस्थापना दमोह में हुई थी, जहां प्रशासन के कई महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किए और लोगों से गहरे पारस्परिक संबंध बने। ढाई वर्ष के कार्यकाल में सीखा प्रशासन जनता के साथ संवाद और सहयोग से अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकता है। वह शासन का प्रतिनिधि होता है और जब जनता की आकांक्षाओं को समझकर मिल जुलकर समाधान खोजे जाते हैं तो वे अधिक स्थायी और व्यावहारिक होते हैं। इस आशय के विचार मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईएएस एसएन मिश्रा ने पीएमश्री महाविद्यालय दमोह में आयोजित दमयंती व्याख्यान माला में व्यक्त किए। अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कलेक्टर निवास और उसके परिसर को लेकर कहा कि यह किसी व्यक्ति का निजी निवास नहीं बल्कि एक प्रशासनिक संस्था के रूप में कार्य करता है। बंगला कार्यालय के रूप में उपयोग होने से अनेक प्रशासनिक निर्णय, अनुभव और स्मृतियां इससे जुड़ी रहती हैं। 18 एकड़ में फैला कलेक्टर बंगला परिसर और बेला ताल क्षेत्र शहर के लिए एक महत्वपूर्ण ऑक्सीजन बैंक रहा है जिसे संरक्षित रखना एक समृद्ध परंपरा का हिस्सा है।

अध्यक्ष श्री मिश्रा ने दमोह की सांस्कृतिक विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि महाकौशल और बुंदेलखंड की संयुक्त संस्कृति जिले को एक अलग पहचान देती है। उन्होंने स्वयं को सौभाग्यशाली बताया कि उन्हें इस जिले में कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि समय के साथ दमोह में अधोसंरचना, सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। आज शहर जनता की अपेक्षाओं के और अधिक नजदीक आता जा रहा है जो सकारात्मक बदलाव का संकेत है।

मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष रामकृष्ण कुसमरिया ने एसएन मिश्रा के व्यक्तित्व और कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनसे मिलने वाला हर व्यक्ति अपनापन और विश्वास लेकर लौटता था। उन्होंने कहा कि जब भी कोई श्री मिश्रा से मिलने जाता था तो सबसे पहले उनका सत्कार मिठाई से होता था। बातचीत और काम की चर्चा बाद में होती थी लेकिन उनके शब्द इतने मधुर, नम्र और आत्मीय होते थे कि सामने वाला व्यक्ति स्वतः ही गदगद हो जाता था। अध्यक्ष श्री कुसमरिया ने कहा कि श्री मिश्रा के व्यवहार से लोगों को यह भरोसा हो जाता था कि उनके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होगा। आज भी प्रशासनिक दायित्वों के तहत आयोग के अध्यक्ष के रूप में जो जिम्मेदारी उन्हें मिली है, उसके माध्यम से अधिकारियों को उचित मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आयोग विभिन्न जिलों में सामने आ रही समस्याओं के समाधान का एक सशक्त माध्यम बनेगा और आमजन को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

विधायक जयंत मलैया ने कहा हमारे जीवन में बहुत से लोग आते हैं लेकिन कुछ लोग अपने कार्यों के कारण हमेशा याद रह जाते हैं। ऐसे ही व्यक्तित्वों में एसएन मिश्रा का नाम प्रमुख है जिन्होंने अपने कार्यों से जनसेवा के क्षेत्र में एक अमिट छाप छोड़ी है। विधायक श्री मलैया ने कहा कि वे अध्यक्ष श्री मिश्रा का अत्यंत आदर करते हैं और ईश्वर से उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अध्यक्ष श्री मिश्रा इसी प्रकार जनसेवा करते रहेंगे और समाज के हित में निरंतर कार्य करेंगे।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि एसएन मिश्रा जैसे अधिकारी विरले होते हैं जिनका कार्यकाल समाप्त होने के वर्षों बाद भी जनता उन्हें उसी आत्मीयता और सम्मान के साथ याद करती है। उन्होंने बताया कि उनके साथ कार्य कर चुके लोगों से यह सुनने को मिला कि जब भी कोई एसएन मिश्रा सर से मिलने दमोह आता थाए तो वे औपचारिक बातचीत से पहले सबका मुँह मीठा कराते थे। उनकी यही विनम्रता, सादगी और अपनापन था जिसने उन्हें जनमानस के हृदय में स्थायी स्थान दिलाया। कलेक्टर ने वरिष्ठ पत्रकार गौतम द्वारा बताया गया एक दृष्टांत साझा करते हुए कहा कि एसएन मिश्रा सर का विदाई समारोह आज भी लोगों के रोंगटे खड़े कर देने वाला प्रसंग है। उस समय दमोह में आयोजित विदाई समारोह में पूरा भवन खचाखच भरा हुआ था। पैर रखने तक की जगह नहीं थी और जनता द्वारा लगभग एक ट्रक भर फूल मालाएं उनके सम्मान में अर्पित की गई थीं। इस अवसर पर पूर्व विधायक अजय टंडन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, भावसिंह मासाब, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानक पटेल, पत्रकार नरेंद्र दुबे ने पूर्व दमोह कलेक्टर श्री मिश्रा के बारे में अपनी अपनी बातें और यादे साझा की। संचालन वरिष्ठ पत्रकार महेन्द्र दुबे ने और आभार प्रदर्शन वरिष्ठ पत्रकार सुनील गौतम ने किया।

राज्यस्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स में सागर के पहलवान ने 2 गोल्ड सहित 7 पदक जीते

जागरण, सागर। उज्जैन में आयोजित हुई राज्यस्तरीय खेलों एमपी पी यूथ गेम्स पुरुष फ्रीस्टाइल एवं ग्रीकोरोमन स्टाइल और महिला कुश्ती प्रतियोगिता जो 28 से 31 जनवरी 26 तक आयोजित हुई, इस टूर्नामेंट में पहलवान खिलाड़ियों ने प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण एवं 2 सिल्वर मैडल के साथ 4 बृराउंस मैडल जीतकर सागर जिले का नाम रौशन किया, जिसमें आनंद विश्वकर्मा अध्यक्ष कुश्ती संघ ने बताया कि केतन कश्यप ने 87 कि. के वजन वर्ग में गोल्ड मैडल जीता,वहीं महिला वजन वर्ग के 76 ?कि में विधि यादव ने गोल्ड मैडल जीता, 53 कि. में सुहानी घोषी सिल्वर मैडल ,79 ?कि में आर्यन यादव सिल्वर मैडल , 50 कि में हर्षिता प्रजपति ब्राउंस मैडल , 65 कि. में सत्या मौर्या ब्राउंस मैडल, 72 कि में मेघा कुशवाहा ब्राउंस के साथ कुश्ती प्रशिक्षक मनीष यादव BPCL , महिला कुश्ती प्रशिक्षक सारिका अहिरवार एवं दल मेनेजर श्यामलाल पाल के निर्देशन में सागर जिलें के पहलवानों ने कुल 7 पदक जीते। पहलवानों की इस उपलब्धि पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला प्रभारी प्रदीप रावत, आनंद विश्वकर्मा अध्यक्ष जिला कुश्ती संघ सागर, रामेश्वर चौबे, नरेंद्र सोनी, मंगल यादव, राजकमल खलीफा, सुरेन्द्र उस्ताद, सुरेश खलीफा , नंदू उस्ताद, हरिश्चंद्र उस्ताद,दुलारें उस्ताद, हरिशंकर पहलवान, शंकर पहलवान, हीरा पहलवान, रौशन पहलवान, हरिशंकर पहलवान, कन्हैया पहलवान,संजू पहलवान, हेमंत सिंह,विष्णु यादव, धर्मवीर पहलवान, सत्यजीत सिंह ठाकुर, पप्पू पंडा, महेंद्र यादव एवं श्रीराम अखाड़ा कबूलापुल के सभी पहलवानों के साथ जिला कुश्ती संघ सागर ने सभी खिलाड़ियों को बधाईयां दी ।

पथरिया में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

जागरण पथरिया। राज्यमंत्री लखन पटेल के निर्देश के परिपालन में आज 1 फरवरी रविवार को सुपर स्पेशलिटी ग्रुप सागर के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाना है जिसमें सुपर स्पेशलिटी ग्रुप सागर के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ राजेश पटेल ग्रेस्ट्रो, डॉ. शिवम गौर न्यूरोसर्जन, डॉ चन्द्रशेखर रावत न्यूरोलॉजिस्ट, डॉ रोहित नामदेव यूरोजॉजिस्ट, डॉ प्रियंका पटेल स्त्रीरोग विशेषज्ञ, डॉ. विवेक सुपाहा प्लास्टिक सर्जन, डॉ मधुर जैन कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ श्वेता गौतम एमडी मेडीसिन, डॉ विनयदीप बिदौल्या हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ आशीष मिश्रा फिजियोथैरेपिस्ट, जिला चिकित्सालय मानसिक रोग विशेषज्ञ एवं शुशिुरोग रोग विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी जानी है।

इस शिविर में निम्नलिखित निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध होगी। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरो की सलाह, निःशुल्क दवाइयां, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, फाइबोस्केन जॉच, रक्त से संबंधित जॉच, हृदय संबंधित, नेत्र से संबंधित जॉच, हड्डी से संबंधित जांच की जाएंगी।

विनर्स कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित हुआ वार्षिक महोत्सव

जागरण पथरिया। प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी विनर्स विद्यालय परिवार की ओर से वार्षिक उत्सव कार्यक्रम रखा गया जिसमें छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक एवं देश भक्ति से संबंधित प्रस्तुतियां दी गई। इस कार्यक्रम में इतनी जान होती है कि प्रत्येक वर्ष कार्यक्रम के पहले ही नगर के लोग कार्यक्रम की चर्चाओं में मशगूल हो जाते है। कार्यक्रम का द्वीप प्रजवलन जनपद अध्यक्ष रंजीता पटेल द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। आपको बता दे 9 वर्षों से संचालित यह स्कूल मनोज पटेल एवं ब्रजेश पटेल द्वारा संचालित किया जाता है। अतः यह सिर्फ एक स्कूल नहीं बल्कि पथरिया नगर का गौरव भी कहा जाता है विनर्स कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं यहां के कुशल शिक्षकों की बदौलत ख्यातियों में रहता है, यहां प्रत्येक वर्ष कक्षा 5 वी एवं 8 वी के कई बच्चों का नवोदय एवं श्रमोदय विद्यालयों में चयन होता है। यहां पर विशेष विषयों के कुशल शिक्षकों द्वारा शिक्षा दी जाती है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण यहां के बच्चों में दिखता है। ताज्जुब की बात तो यह है कि आज के बढ़ते युग में और अंग्रेजी माध्यम स्कूल होने के बावजूद भी यहां पर भारतीय संस्कृति का पूर्ण ख्याल रख बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाती है।

कार्यक्रम में पधारे विशिष्ट अतिथि जिपं अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जिला भाजपाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व मंडी अध्यक्ष खरगरम पटेल, दीपू भार्गव, लकी पटेल आदि मौजूद रहे।

लायनेस क्लब ने सरस्वती शिशु मंदिर को भेंट किया वाटर फिल्टर

दमोह। समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रही संस्था लीनेस क्लब द्वारा कंकाली माता मंदिर के पास स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययनरत बच्चों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाटर फिल्टर दान किया गया।

इस अवसर पर लायनेस क्लब की अध्यक्ष रजनी खरे ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ जल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि गंदे पानी के सेवन से अनेक गंभीर बीमारियां फैलती हैं और हाल ही में इंदौर में दूषित पानी पीने से कई लोगों की जान तक चली गई। ऐसे में बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। वाटर फिल्टर से बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर रहेगा जिससे वे पढ़ाई में भी अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे और उनका सर्वांगीण विकास होगा। इस सेवा प्रकल्प की प्रोजेक्ट डायरेक्टर सपना राजपूत रहीं।

अड़ीबाजी करते हुए युवक से की मारपीट

बीना जागरण। इटावा बाहरी क्षेत्र स्थित अपनी वर्कशॉप पर काम कर रहे एक युवक के साथ दो व्यक्तियों ने गाली गलौज करते हुये मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने फरियादी से दो लाख रूपये की मांग की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रताप वार्ड स्थित शर्मा कॉलोनी निवासी हेमंत कन्नौजिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने इटावा बाहरी क्षेत्र स्थित वर्कशॉप पर काम कर रहा था। तभी नानक वार्ड निवासी अजहर अली एवं मजहर अली आये और उसके साथ माँ बहन की गालियां दीं। इस दौरान दोनों आरोपियों ने फरियादी से कहा कि यदि वर्कशॉप चलाना है तो वह उन्हें दो लाख रूपये का इंतजाम कर ले। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार चालक ने बाइक को मारी टक्कर

बीना जागरण। ग्राम खिमलासा के पास गढ़ौली जवाहर के पास एक मोटरसाईकिल चालक को कार चालक ने टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाईकिल सवार पति पत्नि को चोटें आई हैं। खिमलासा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार रमादेवी अहिरवार आयु 25 वर्ष पति संदीप अहिरवार निवासी शंकरमाली की टपरियां बीना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने पति संदीप अहिरवार के साथ अपने मायके से ससुराल लौट रही थी। तभी गढ़ौली जवाहर के पास एक कार क्रमांक एमपी 15 जेड एच 8007 के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों पति पत्नि गिर गये। मोटरसाईकिल दंपत्ति को चोटें आई हैं। जिसकी शिकायत फरियादी महिला रामदेवी अहिरवार ने खिमलासा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने उक्त आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सट्टा पर्ची लिये आरोपी गिरफ्तार

बीना जागरण। खुरई रोड स्थित ओवरब्रिज के पास पुलिस ने एक युवक को सट्टा पर्ची के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक सट्टा पर्ची का दांव लगा रहा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश दी तो देखा कि एक युवक कागज की पर्ची पर कुछ अंक लिखकर रुपये-पैसों का दाव लगवा रहा है। जिसने पूछताछ में अपना नाम मोनू उर्फ सौरभ कुमार जैन पिता सुरेन्द्र कुमार जैन उम्र 40 साल निवासी शास्त्री बार्ड थाना बीना जिला सागर का होना बताया। पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

100 फिट ऊंचा तिरंगा बना बीना की पहचान

थाना परिसर में विधिवत हुआ राष्ट्र ध्वज का भव्य लोकार्पण

बीना जागरण। नगर के इतिहास में शनिवार का दिन स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया। जब नगर पालिका परिषद द्वारा थाना परिसर में नगर का सबसे ऊँचा और भव्य 100 फीट ऊँचे तिरंगे का विधिवत लोकार्पण किया गया। यह विशाल राष्ट्रध्वज न केवल बीना की पहचान बनेगा, बल्कि देशभक्ति, सम्मान और एकता का सशक्त प्रतीक भी सिद्ध होगा। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात पुलिस जवानों द्वारा राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। कार्यक्रम में शामिल स्कूली बच्चों ने बैंड की धुन पर राष्ट्रगान और मध्यप्रदेश गान प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस गरिमामय समारोह में विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे, नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया, एसडीओपी अजय सनकत एवं थाना प्रभारी अनूप सिंह यादव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि यह तिरंगा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा और नागरिकों में राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त करेगा। सभी ने नगर पालिका परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए इसे नगर के लिए गौरव का विषय बताया। गौरतलब है कि थाना परिसर में लगाए गए पोल की ऊँचाई 100 फीट है, जिस पर 30 फीट लंबा एवं 20 फीट चौड़ा विशाल तिरंगा फहराया गया है। इसकी ऊँचाई और भव्यता के कारण यह तिरंगा नगर के लगभग हर हिस्से से दिखाई देगा और बीना की पहचान के रूप में स्थापित होगा। उल्लेखनीय है कि लोकार्पण से पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा इसकी तैयारियों को लेकर निरीक्षण भी किया गया था। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित नागरिकों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्मान बनाए रखने का संकल्प लिया। यह विशाल तिरंगा बीना के आकाश की शोभा बढ़ाते हुए नगरवासियों के हृदय में देशप्रेम की भावना को सदैव जीवंत रखेगा।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती ऊषा राय, जनपद उपाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, सीएमओ राहुल कौरव, शुभम तिवारी, मनोज शर्मा, संतोष ठाकुर, अजय ठाकुर, पार्षद अतीक खान, गौरीशंकर राय, सचिन समैया, नवीन साहू, समस्त पार्षदगण, अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

श्रद्धा के साथ मनाया भगवान विश्वकर्मा का प्रकट दिवस

बीना जागरण। नगर के इंदिरा गांधी वार्ड स्थित विश्वकर्मा मंदिर में माघ शुक्ल त्रयोदशी शनिवार को विश्वकर्मा भगवान का प्रकट दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विधिविधान से पूजन-अर्चन, हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के महिला-पुरुष एवं युवाओं ने सहभागिता की। सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई, वहीं भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

आयोजन में विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष पंचम विश्वकर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मंच दिवाकर विश्वकर्मा सहित समाज के अनेक वरिष्ठ एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता, परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों पर भी प्रकाश डाला गया। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय एवं शांतिपूर्ण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा से समाज की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की। आयोजन के सफल संचालन में समाज के युवाओं एवं पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

यूजीसी रेग्युलेशन के समर्थन में एससी/एसटी एवं ओबीसी की संयुक्त बैठक आयोजित

बीना जागरण। यूजीसी रेग्युलेशन के पक्ष में शनिवार को एससी, एसटी एवं ओबीसी समाज की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य यूजीसी रेग्युलेशन को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना और जनजागरूकता बढ़ाना रहा। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राकेश सेन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युगपुरुष हैं, जिन्होंने सभी वर्गों के हित में जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों का दर्द कम किया। वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना के तहत 1500 रुपये की सहायता देकर बहनों के मान-सम्मान को बढ़ाया है। नानक वार्ड पार्षद बी.डी. रजक ने एससी एसटी और ओबीसी समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि संगठित होकर ही समाज अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है। आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश सह-सचिव नीलेश सिंह पवार ने यूजीसी रेग्युलेशन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विनियम किसी भी वर्ग के विरुद्ध नहीं है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लाया गया है। डॉ.सुंदर पंथी ने कहा कि हम सभी एक हैं और यूजीसी रेग्युलेशन का समर्थन करते हैं। सरपंच संघ अध्यक्ष एडवोकेट हरगोविंद कुर्मी ने शिक्षा के प्रति समाज को जागरूक करने की आवश्यकता बताई। एडवोकेट जगत सिंह यादव ने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी वर्ग एकजुट होकर आगे बढ़ें। पार्षद प्रहलाद यादव ने सुझाव दिया कि जनजागरूकता के लिए कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों को यूजीसी रेग्युलेशन की सही जानकारी दी जानी चाहिए। बैठक में मनीष पटेल, दशरथ अहिरवार, वीरेंद्र, रामसेवक कुशवाहा, संजीव सेन, अशोक, दयाराम, रोशन रजक, हरगोविंद पटेल, गोविंद कुशवाहा, लालू कुशवाहा, एडवोकेट रतिराम पटेल, एडवोकेट हेमंत सेन, विक्रम बरेले, संजय परिहार, शिवचरण, धीरज सिंह लोधी, राहुल यादव, अमित साहू, शंकर कोरी, विवेक प्रजापति, मनीष, देवकुमार घावरी, अरविंद पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

हिरनछिपा की बेशकीमती भूमि फर्जीवाड़े में सात आरोपियों को सश्रम कारावास

बीना जागरण। ग्राम हिरनछिपा स्थित बीना-खुरई मार्ग की बेशकीमती भूमि को फर्जी तरीके से बेचने के मामले में न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने बड़ा फैसला सुनाया है। थाना बीना के सत्र प्रकरण क्रमांक 382/15 में सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायालय ने सात आरोपियों को दोषी करार देते हुए विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी सूर्यकांत तिवारी निवासी ग्राम देवल एवं माखन निवासी शास्त्री वार्ड बीना को धोखाधड़ी, जालसाजी एवं षड्यंत्र की धाराओं में दोषी पाते हुए अधिकतम 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। इसी प्रकार आरोपी उम्मेद कुशवाहा एवं रोहित नायक निवासी ग्राम बुखारा, प्रीतम पटैल निवासी गुराड़िया, फेरन सिंह यादव निवासी सलईखेड़ी तथा ललिताबाई विश्वकर्मा निवासी दुर्गा कॉलोनी विदिशा को भी अलग-अलग धाराओं में 2 वर्ष से लेकर 5 वर्ष तक का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अभियोजक आशीष कुमार राठौर ने जानकारी देते हुये बताया कि ग्राम हिरनछिपा में स्थित भूमि की वास्तविक स्वामिनी लक्ष्मीबाई थीं। आरोपियों ने आपसी षड्यंत्र कर ललिताबाई को लक्ष्मीबाई के रूप में प्रस्तुत करते हुए रजिस्ट्रार कार्यालय में फर्जी विक्रय पत्र निष्पादित कर दिया। इसके बाद उक्त भूमि को अनिल दुबे, वरुण दुबे एवं राकेश हजारी को बेच दिया गया। जब वास्तविक लक्ष्मीबाई अपनी भूमि पर पहुंचीं तो खरीदारों ने जमीन खरीदने की बात कही। तब पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। पीड़ितों द्वारा न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किए जाने पर थाना बीना में अपराध पंजीबद्ध हुआ और विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया गया। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने अभियोजन की दलीलों से सहमत होते हुए सभी आरोपियों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

बीना जागरण। अंजनी जन कल्याण संस्थान समिति द्वारा राष्ट्रीय न्यास द्वारा संचालित अंजनी समर्थ केंद्र में फिजियोथेरेपी होम्योपैथी निशुल्क स्वस्थ्य शिवर का आयोजन किया गया। जिसमें डीबीएल सोशल वेलफेयर फाउंडेशन भोपाल के डॉ.श्रीमती सोनिया श्रीवास्तव, डॉ.नीलेश भन्नारिया, डॉ.कोमल सिंह 11 डॉक्टर के साथ 55 दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं मार्गदर्शन दिया व सभी दिव्यांगों की फिजियोथैरेपी भी की गई। कार्यक्रम में अतिथि पूर्व विधायक घरमू राय, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती लता सकवार, श्रीमती मंजू बुंदेला, श्रीमती शांति बाई कुशवाहा, राकेश सुमन, राकेश माली ने मां सरस्वती का पूजन कर शिविर का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक धरमू राय ने कहा कि जरूरतमंद की मदद करने से बड़ा कोई कर्म नहीं है दूसरों के दुख को दूर करना ही सबसे बड़ा धर्म है। दिव्यांगों की सेवा हम सभी को किसी न किसी रूप में करते रहना चाहिए।

कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.रत्नाकर सेवानिवृत्त

बीना जागरण। शासकीय कन्या महाविद्यालय बीना में संस्था की प्राचार्य डॉ.चंदा रत्नाकर का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन के नियमानुसार डॉ.चंद रत्नकार ने सेवानिवृत्ति की आयु पूर्णकर नियमानुसार सेवानिवृत्ति ली। डॉ.रश्मि जैन प्राध्यापक हिंदी को प्रभारी प्राचार्य का कार्य भार दिया गया। डॉ.चंदा रत्नाकर ने अपने जीवन काल के 42 वर्ष की सेवाएँ सफलतापूर्वक समर्पित कीं। महाविद्यालय परिवार द्वारा इस अवसर पर सेवा निवृत प्राचार्य के लिए उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन सुश्री मृणालिनी मिश्रा सहायक प्राध्यापक एवं सुश्री कीर्ति ठाकुर अतिथि विद्वान ने किया। सभी स्टाफ द्वारा शुभ कामनाएँ दी गई

न्यूज कार्नर

रेलवे ने दिया 15 फीट चौड़ा रास्ता, वार्डवासियों को मिली राहत

जागरण, गंजबासौदा। वार्ड क्रमांक 1, 2 और 3 के हजारों निवासियों को शनिवार को बड़ी राहत मिली, जब रेलवे प्रशासन ने स्टेशन परिसर से बाजार जाने के लिए 15 फीट चौड़ा रास्ता खोलने की अनुमति दी। तीन वर्षों से बंद यह मार्ग खुलते ही जेसीबी मशीन की मदद से तत्काल रास्ता साफ कराया गया, जिससे वर्षों से चली आ रही समस्या का समाधान हो सका। रेलवे स्टेशन परिसर से होकर बाजार तक जाने वाला यह मार्ग इन वार्डों के रहवासियों के लिए मुख्य रास्ता था। करीब तीन साल पहले रेलवे द्वारा बाउंड्री वॉल का निर्माण किए जाने के बाद यह रास्ता पूरी तरह बंद हो गया था। इसके बाद लोगों को बाजार पहुंचने के लिए लंबा और सुविधाजनक चक्कर लगाना पड़ रहा था, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही थी। इस समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने भी रेलवे अधिकारियों से पत्राचार कर रास्ता खोलने की मांग उठाई थी। पूर्व में शराब दुकान के समीप से एक संकरा मार्ग दिया गया था, लेकिन वह मार्ग भी आवागमन के लिए पर्याप्त नहीं था। लगातार जनदबाव और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों के बाद शनिवार को रेलवे प्रशासन ने वाहन स्टैंड के बीच से 15 फीट चौड़ा रास्ता देने की अनुमति प्रदान की। कांग्रेस से वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास ने बताया कि रहवासियों को हो रही परेशानी को देखते हुए रेलवे अधिकारियों से लगातार संपर्क किया गया। उन्होंने कहा कि यह रास्ता खुलने से आम नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

संस्कृत शास्त्रीय स्पर्धा में वेदांत आश्रम के मोक्षित चौबे का परचम, राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

दो राज्यों में प्रथम स्थान प्राप्त कर वेदांत आश्रम के विद्यार्थी ने रचा इतिहास

जागरण, गंजबासौदा।

भारत सरकार द्वारा संस्कृत और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली अधिराज्यीय शास्त्रीय प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित हुई। जिसमें नगर के संत जगन्नाथदास संस्कृत उमा विद्यालय वेदांत आश्रम के विद्यार्थी मोक्षित चौबे ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। मोक्षित का चयन मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ दोनों राज्यों से एकमात्र प्रतिभागी के रूप में तमिलनाडु के कांचीपुरम में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

इस प्रतियोगिता में मोहित ने न केवल शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि मप्र एवं छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। वह 100 प्रतिभागियों में से एकमात्र ऐसे चयनित प्रतिभागी थे, जिन्होंने निर्णायक मंडल के सामने गीता के श्लोक का वेद संम्मत, शास्त्र सम्मत, शुद्ध उच्चारण के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से एक मात्र प्रतिभागी के रूप में चयनित होने का गौरव हासिल कर लिया है। अब वह मार्च माह में कांचीपुरम में होने वाली गीता पाठ की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनकी इस उपलब्धि ने मप्र के संस्कृत के गौरव को और सम्मान दिलाया है वहीं वेदांत आश्रम के साथ-साथ नगर और जिले का भी मान बढ़ाया है। यह उपलब्धि साधारण नहीं, बल्कि अत्यंत दुर्लभ और ऐतिहासिक हैऔर किसी एक प्रतियोगिता तक सीमित नहीं है। इससे पूर्व भी वेदांत आश्रम के विद्यार्थियों ने बाल-रंग प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान, संभाग स्तर पर प्रथम स्थान तथा जिला स्तर पर विभिन्न श्रेणियों (फर्स्ट, सेकंड, थर्ड) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। इस अवसर पर संस्कृत विद्यालय के संस्थापक रामानंदाचार्य जगद्गुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती जी महाराज, आश्रम के महंत हरिहर दास जी महाराज सहित ट्रस्ट के सदस्यों ने मोहित की उपलब्धि पर बधाई दी है। मालूम हो कि इस वर्ष यह प्रतियोगिता 63 विभिन्न शास्त्रीय विषयों में आयोजित की गई। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों की संयुक्त अधिराज्यीय प्रतियोगिता का आयोजन केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर, भोपाल में किया गया। प्रतियोगिता की प्रक्रिया विद्यालय स्तर से प्रारंभ होकर राज्य स्तर तक होती है, जिसमें राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया जाता है।

इस प्रतियोगिता में वेदांत आश्रम के दो विद्यार्थियों ने सहभागिता की थी मोक्षित चौबे और प्रिन्स रावत। दोनों विद्यार्थियों ने अपने-अपने विषयों को परीक्षक मंडल के समक्ष शास्त्रसम्मत, स्पष्ट और आत्मविश्वासपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। मूल्यांकन के उपरांत मोक्षित चौबे को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जबकि प्रिन्स रावत को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता की विशेषता यह रही कि देश के प्रत्येक राज्य से केवल एक ही प्रतिभागी का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया। इस प्रकार मप्र और छग दोनों राज्यों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मोक्षित चौबे को मिला है। वहीं प्रिन्स रावत को निर्णायक मंडल द्वारा आगामी वर्ष के लिए विशेष आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी गईं। निर्णायक मंडल में देश के वरिष्ठ संस्कृत विद्वान शामिल रहे। इनमें महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शिवशंकर मिश्र, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के व्याकरण विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रजभूषण ओझा, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के ज्योतिष विभागाध्यक्ष प्रो. अमित शुक्ल, अवध विश्वविद्यालय के प्रो. महेश दास, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल के विभागाध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार शर्मा तथा प्रो. प्रदीप पाण्डेय सहित अन्य प्रोफेसर उपस्थित रहे।

निर्णायकों ने मोक्षित की प्रस्तुति में शुद्ध उच्चारण, व्याकरणिक अनुशासन और विषय की गहन समझ की सराहना की। अब मोक्षित चौबे आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनकी इस सफलता से वेदांत आश्रम, नगर और जिले का नाम प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।

राज्य स्तर पर गीता की उपलब्धि ने बढ़ाया वेदांत आश्रम का मान

संस्कृत, व्याकरण और वेद के प्रकांड विद्वानों के बोर्ड ने प्रतियोगिता में प्रस्तुति के दौरान करीब 25 मिनट तक मोक्षित चौबे से भगवद्गीता के श्लोक, प्रस्तुतीकरण के शुद्ध उच्चारण पर सवाल जवाब हुए एवं पूर्ण आत्मविश्वास के साथ प्रश्नोत्तर सत्र में निर्णायक मंडल द्वारा श्लोकों के अर्थ, व्याकरणिक संरचना और भावात्मक संदर्भों पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर उन्होंने अत्यंत संयम, स्पष्टता और शास्त्रसम्मत ढंग से दिए। उनकी प्रस्तुति में संस्कृत भाषा की गरिमा, विद्यार्थी सुलभ विनम्रता और अनुशासित आचरण स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। वेदांत आश्रम संस्कृत विद्यालय के वेदाचार्य प्रकांड विद्वान शिवशंकर पांडेय काशी ने बताया मोक्षित को वह नियमित कक्षा के बाद 2 घंटे अलग से गीता की तैयारी कराते थे। 5 महीने से गीता-अध्ययन को केवल पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि नियमित साधना के रूप में कराया जाता है, जिसमें शुद्ध उच्चारण, व्याकरण, अनुशासन और आचरण पर विशेष बल दिया जाता है। मोक्षित चौबे की यह उपलब्धि न केवल वेदांत आश्रम परिवार के लिए, बल्कि संपूर्ण क्षेत्र और संस्कृत शिक्षा जगत के लिए गर्व का विषय है।

चार वार्डों के विकास के लिए सामूहिक भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम

जागरण, सिरोंज।

शनिवार को वार्ड क्रमांक 13, 14, 15 एवं 16 में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम कटरा मोहल्ला, होली वाला चौक में संपन्न हुआ। जिसमे विधायक जी के द्वारा भूमि पूजन की गई एवं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि मैं इस क्षेत्र का केवल नेता या विधायक नहीं हूँ, बल्कि यह पूरा क्षेत्र मेरे परिवार जैसा है और मैं यहाँ का बेटा हूँ। यहाँ के लोगों के साथ हमारे परिवार के बहुत पुराने रिश्ते हैं। यह मोहल्ला बहुत पुराना मोहल्ला है।

उन्होंने कहा कि आज मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश तेज गति से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। गाँव, गरीब, किसान और नारी—सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाएँ बनाई जा रही हैं। इस वार्ड में भी बड़ी संख्या में लोगों को आवास योजना का लाभ मिला है, विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम यहाँ के बेटे एवं पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा किया गया था। दुर्भाग्यवश 2013 का चुनाव हार जाने के कारण हम रेलवे लाइन और जिले की मांग में पिछड़ गए। उन्होंने स्थानीय रहवासियों की अन्य मांगों को भी पूरा करने की घोषणा की, इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, पार्षद रूपेश साहू एवं संजय सोनी द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए, इस अवसर पर पार्षद सचिन शर्मा, संजय सोनी, धर्मेंद्र जैन, टीकाराम शाक्य, मुंशीलाल कुशवाह, नरेंद्र पाटीदार, रिंकू यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तोषमणि पंथी द्वारा किया गया।

इन विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया

विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा 190.03 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया, जिसमें वार्ड नंबर-16 में रिंकू कुशवाह जी के मकान से बालाराम जी के मकान तक सीसी रोड निर्माण, वार्ड नंबर-16 में आरोन रोड से रतनलाल जी के घर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण, वार्ड नंबर-15 में उड़न छतरी से कलंदरी मस्जिद की ओर सीसी रोड निर्माण, वार्ड नंबर-15 में कायाकल्प योजना अंतर्गत श्री दीपक जाटव जी के मकान से रामजानकी मंदिर तक सीसी रोड निर्माण, वार्ड नंबर-16 में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना अंतर्गत श्री शिवचरण कुशवाह जी के मकान से आरोन रोड तक सीसी रोड निर्माण, वार्ड नंबर-14 में हाईस्कूल के सामने चौराहे से होते हुए नूर मियां के मकान तक सीसी रोड निर्माण का लोकार्पण किया गया। वहीं 70.92 लाख रुपये की लागत से भूमिपूजन कार्य किए गए, जिनमें वार्ड नंबर-14 में सिकंदरपुरा से जमना चौराहा तक डामरीकरण कार्य, वार्ड नंबर-14 में बाबा जी घाट पर नदी की रिटर्निंग वॉल एवं सीसी रोड निर्माण, वार्ड नंबर-15 में नन्ने भाई के घर से अजीज अहमद के घर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण तथा वार्ड नंबर-13 में रोहिलपुरा श्मशान घाट की बाउंड्रीवाल निर्माण का भूमि पूजन किया गया।

श्री जगदीश स्वामी मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ, रथ यात्रा का होगा भव्य आयोजन

जागरण, गंजबासौदा। स्थानीय श्री जगदीश स्वामी मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य शनिवार से शुरू हो गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में एक विशेष पूजन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के जनप्रतिनिधि, भावसार समाज के सदस्य और श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्थानीय निवासी रोहित भावसार ने बताया कि यह मंदिर अत्यंत प्राचीन है और लंबे समय से इसकी मरम्मत की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीर्णोद्धार का उद्देश्य मंदिर को नया बनाना नहीं है, बल्कि जो हिस्से जर्जर हो गए हैं, उन्हें सुधारने का

कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मंदिर की बाउंड्री वॉल (सीमा दीवार) का निर्माण भी इस जीर्णोद्धार परियोजना का हिस्सा है।

इस मौके पर यह भी घोषणा की गई कि हर वर्ष की तरह इस साल भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा श्री जगदीश स्वामी मंदिर से निकाली जाएगी। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने सहमति जताई कि इस बार की रथ यात्रा पिछले वर्षों की तुलना में अधिक भव्य और आकर्षक होगी। रथ यात्रा के आयोजन के लिए रूपरेखा तैयार की जा चुकी है और श्रद्धालुओं को इसके लिए भी उत्साहित किया गया है।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, और समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव, उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों और समाज के सदस्यों ने मंदिर के सुधार कार्य में अपना योगदान देने का वादा किया और इस धार्मिक पहल को सराहा।

गुना- सिरोंज आरोन रोड के अंधे मोड पर पलटा ट्रक, मोटर साइकिल हुई क्षतिग्रस्त

जागरण, सिरोंज। शनिवार को गुना- सिरोंज रोड पर शाम 6 बजे के लगभग ग्राम देवपुर में अंधे मोड़ पर लकड़ी भरकर गुना से सिरोंज आ रहा ट्रक अचानक पलट गया जिससे एक ग्रामीण की मोटर साईकिल चपेट में आ गई। जिससे मोटर साईकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई बही मोटर साईकिल चल बच गया और ग्रामीणों द्वारा क्लीनर व चालक को बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने बताया कि अंधे मोड पर पूर्व में दुर्घटनाऐं घटित हो चुकी है और क्लीनर व ट्रक चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। मोड पर संकेतक बोर्ड तक नहीं है।

किसान कल्याण वर्ष की शुरूआत जागरूकता बाइक रैली निकाली

शिवपुरी। वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने की शुरुआत शिवपुरी जिले में उत्साह और सम्मान के साथ हुई। किसानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने, शासकीय योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुँचाने और कृषि जागरूकता का माहौल बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने भव्य मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया। रैली को जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि हरवीर सिंह रघुवंशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का नेतृत्व पानसिंह करोरिया, उप संचालक सह परियोजना संचालक (आत्मा) ने किया। इस दौरान जिले के कई प्रगतिशील और नवाचारी किसान, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा युवा कृषक बड़ी संख्या में शामिल हुए। मोटरसाइकिल रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बस स्टैंड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों तक पहुंची, जहां किसानों के हित में संचालित योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकारी सहायता कार्यक्रमों का संदेश दिया गया। रैली का समापन जिला कार्यालय परिसर में हुआ। इस आयोजन ने न केवल किसान कल्याण वर्ष की औपचारिक शुरुआत की, बल्कि यह संदेश भी दिया कि कृषि और किसान प्रदेश की प्राथमिकता हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि वर्षभर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को योजनाओं से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने, तकनीकी ज्ञान देने और आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में आगे बढ़ाया जाए।

पीएम आवासों का पानी रोका, ठेकेदार ने मोटर निकाली तो भड़के लोग

नपा ने वाहन जब्त किया एफआईआर की चेतावनी

जागरण, शिवपुरी। मेडिकल कॉलेज के पीछे पीएम आवास योजना की कॉलोनी में शनिवार को पानी की सप्लाई बंद होने पर जमकर हंगामा हुआ। बकाया भुगतान न होने से नाराज प्रोजेक्ट के ठेकेदार ने अपने कर्मचारियों को भेजकर बोरवेल की मोटर निकलवा दी। इससे गुस्साए रहवासी सड़कों पर उतर आए। सूचना मिलते ही नगर पालिका सीएमओ ईशांत धाकड़ और अध्यक्ष गायत्री शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने मोटर ले जा रहे वाहन को जब्त कर मोटर दोबारा लगवाई और सप्लाई शुरू करवाई।

ठेकेदार के कर्मचारी जब मोटर निकाल रहे थे, तभी नपा अमला पहुंच गया। दोनों पक्षों में मौके पर तीखी कहासुनी हुई। नपा अधिकारियों ने सख्ती दिखाते हुए कर्मचारियों को मोटर ले जाने से रोका और उसे वापस बोरवेल में डलवाया, तब जाकर मामला शांत हुआ।

डेढ़ करोड़ पुराना और 6 करोड़ नया बिल बाकी

प्रोजेक्ट में ठेकेदार की ओर से काम कर रहे विजय राय ने बताया कि नगर पालिका पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये का पुराना बकाया है, जबकि 5 करोड़ 85 लाख रुपये का नया बिल भी लंबित है। भुगतान न होने से कर्मचारियों और सप्लायरों को पैसा नहीं दिया जा पा रहा है। कंपनी पर लगातार दबाव है, जबकि फिलहाल रहवासियों के लिए पानी-बिजली का खर्च कंपनी ही उठा रही है।

2017 से अधूरा है प्रोजेक्ट पहले ही दे दी चाबी

यह प्रोजेक्ट वर्ष 2017 में शुरू हुआ था, जिसमें 1030 आवास बनने थे, लेकिन अब तक 660 ही बन पाए हैं। नगर पालिका ने राजस्व के चक्कर में काम पूरा होने से पहले ही लोगों को चाबियां सौंप दीं और सुविधाओं का आश्वासन दे दिया। यहां करीब 500 परिवार रह रहे हैं, जो मूलभूत सुविधाओं के लिए अस्थायी इंतजामों पर निर्भर हैं।

शादियां हैं, पानी बंद हुआ तो बेइज्जती होगी

कॉलोनी निवासी ज्योति धाकड़ ने बताया, वर्तमान में करीब 500 परिवार यहां निवास कर रहे हैं। हर आठ दिन में पानी और लाइट को लेकर परेशानी खड़ी हो जाती है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि बोरवेल की मोटर नगर पालिका की है या ठेकेदार की। फरवरी में कई घरों में शादियां हैं, ऐसे में बिजली-पानी बंद होना सामाजिक मान-सम्मान पर भी असर डालेगा। सुरक्षा व्यवस्था भी बदहाल है, चोरी की घटनाएं होती रहती हैं।

सीएमओ बोले- ठेकेदार पर कराएंगे एफआईआर

नगर पालिका सीएमओ ईशांत धाकड़ ने कहा, सूचना मिली थी कि ठेकेदार ने पानी की सप्लाई बंद कर दी है। मौके पर पहुंचने पर बोरवेल की मोटर निकाली जा रही थी, जिसे रुकवाकर दोबारा लगवाया गया है। ठेकेदार और उनके लोगों के खिलाफ न्यूसेंस फैलाने और शासकीय कार्य में बाधा की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

शिक्षक पर रेप का केस दर्ज ग्रामीणों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

जागरण, शिवपुरी। खोड़ चौकी क्षेत्र में एक शासकीय शिक्षक पर दुष्कर्म का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन अब ग्राम पंचायत और ग्रामीणों ने शिक्षक को निर्दोष बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। परिजन और ग्रामीण शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और जांच पूरी होने तक गिरफ्तारी पर रोक लगाने की अपील की।

मामले में 35 वर्षीय पीड़िता ने आरोप लगाया कि वीरा गांव के शासकीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षक चंद्रशेखर राय 26 जनवरी को दोपहर करीब 4 बजे उसके घर पहुंचे थे। उस समय पीड़िता का पति घर पर मौजूद नहीं था। पीड़िता के अनुसार, शिक्षक ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने स्वयं चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्राथमिक जांच की। जांच के बाद, 30 जनवरी को आरोपी शिक्षक चंद्रशेखर राय के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस बीच, आरोपी शिक्षक के पिता सुरेश राय, ग्राम सरपंच रवि कुमार राय और बड़ी संख्या में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण को लेकर गांव में समाज और ग्रामीणों की एक पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत में सभी पक्षों को सुनने के बाद शिक्षक को निर्दोष माना गया।

पंचायत का मत है कि यह मामला आपसी पैसों के लेन-देन के विवाद से जुड़ा है, जिसे गलत तरीके से दुष्कर्म का रूप देकर दर्ज कराया गया है। ग्रामीणों ने यह भी दावा किया कि जिस दिन की घटना दर्ज कराई गई है, उस दिन शिक्षक गांव में मौजूद नहीं था। इस संबंध में पंचायत में चर्चा और तथ्य भी प्रस्तुत किए गए हैं। सरपंच रवि कुमार राय ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि पंचायत के फैसले और ग्रामीणों की राय को भी जांच में शामिल किया जाए। उन्होंने निष्पक्ष जांच के साथ-साथ जांच पूरी होने तक शिक्षक की गिरफ्तारी पर रोक लगाने की अपील की।

करैरा सीएचसी में तोड़फोड़-मारपीट मामले में एक और एफआईआर

शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज

जागरण, शिवपुरी। करैरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तोड़फोड़ और मारपीट के मामले में पुलिस ने शनिवार को एक और एफआईआर दर्ज की है। यह घटना खेत पर कब्जे को लेकर हुए विवाद के बाद हुई थी। शनिवार को वार्ड बॉय की शिकायत पर अस्पताल परिसर में हंगामा, गाली-गलौज और शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करैरा के वार्ड बॉय सतीश भगौरिया ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को दोपहर करीब 1 बजे वह ड्यूटी पर थे। इसी दौरान ग्राम रमगढ़ा के कुछ लोगों को पुलिस मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल लेकर आई थी। अस्पताल परिसर में पहुंचते ही दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। आरोप है कि आरोपियों

ने एक-दूसरे के साथ मारपीट की और अपशब्दों का प्रयोग किया। इससे अस्पताल में मौजूद मरीजों और स्टाफ को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मारपीट के दौरान आरोपियों ने अस्पताल की कुर्सियों को उठाकर एक-दूसरे पर फेंका, जिससे शासकीय संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा। इस घटना का एक वीडियो वायरल हो गया था। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस और स्वास्थ्य विभाग पर कार्रवाई का दबाव बढ़ा, जिसके परिणामस्वरूप शनिवार को इस मामले में अलग से एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने हरिचरण गुर्जर, रामवतार गुर्जर, रामवरन गुर्जर, निहाल गुर्जर, जितेन्द्र गुर्जर, भरत गुर्जर, राजकुमार गुर्जर, हटे सिंह गुर्जर, मेहताब सिंह गुर्जर, राजेन्द्र गुर्जर, जयेन्दर गुर्जर, विकाश गुर्जर और भूपेन्द्र गुर्जर के खिलाफ धारा 324(4), 191(2), 296 बीएनएस और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इससे पहले शुक्रवार को खेत पर कब्जे को लेकर हुई मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज किए गए थे। उस मामले में कुल 15 लोगों को आरोपी बनाया गया था, जिनमें से 6 को जेल भेजा जा चुका है। अस्पताल में हुई घटना को लेकर यह अलग से एफआईआर दर्ज की गई है।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न, कलेक्टर 8 दिन बाद फिर करेंगे समीक्षा

जागरण, शिवपुरी। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक गतदिवस कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्टर सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री चौधरी ने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के आंकड़ों में पाए गए अंतर को आपसी समन्वय से शीघ्र समाप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं में एनीमिया के प्रभावी प्रबंधन, टीवी रोगियों की एक्स-रे जांच में वृद्धि, आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा एनआरसी में बच्चों के शत-प्रतिशत भर्ती किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा विभागीय उपलब्धियों की पुनः समीक्षा 8

दिवस बाद किए जाने की जानकारी दी गई। बैठक में टीवी रोगियों की एक्स-रे जांच, एनआरसी में भर्ती बच्चों की स्थिति, गर्भवती महिलाओं की चार एएनसी जांच, एनीमिया प्रबंधन, आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता, मातृ एवं शिशु मृत्यु, एचडब्ल्यूसी, आयुष्मान कार्ड, एनसीडी एवं टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री चौधरी ने एफसीएम इंजेक्शन की उपलब्धि कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मध्यम एवं गंभीर एनीमिया के प्रभावी प्रबंधन के निर्देश दिए। एएनसी पंजीयन में कम प्रगति वाले क्षेत्र बदरवास के बीसीएम एवं सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता का औसत निकालकर दो दिवस में शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में खनियाधाना विकासखंड में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए गए। साथ ही गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित हितग्राहियों को पोषण आहार समय पर वितरण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय श्रीश्वर, जिला कार्यक्रम अधिकारी धीरेन्द्र जादौन, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनीता पाल, डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. सुनील खंडोलिया, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रोहित भदकारिया, जिला क्षय अधिकारी डॉ. आशीष व्यास, डीपीएम डॉ. शीतल व्यास सहित सभी विकासखंडों के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, सीडीपीओ, सुपरवाइजर, वीपीएम एवं वीसीएम उपस्थित रहे।

जागरण विदिशा

विदिशा, 01 फरवरी 2026 | शमशाबाद, कुरवाई, ग्यारसपुर | www.dainikjagranmpcg.com

औद्योगिक क्षेत्र इंडस्ट्रीयल में 11 से 2 बजे तक बिजली रहेगी बंद

गुना। सहायक प्रबंधक शहर विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 33/11 केव्ही एआईआर सब स्टेशन से निकलने वाले 11 केव्ही इण्डस्ट्रीयल फीडर पर विभागीय कार्य होने से दिनांक 1 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक पुराना आद्योगिक क्षेत्र इण्डस्ट्रीयल का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटौती समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढ़ाया भी जा सकता है।

मंडी में 16 हजार 106 क्विंटल अनाज की आवक

जागरण विदिशा। शनिवार को अनाज मंडी 16 हजार 106 क्विंटल अनाज की आवक रही। इस दौरान सर्वाधिक 4 हजार 969 क्विंटल धान की आवक रहा। जो कि 1441 रुपए से लेकर 4030 रुपए क्विंटल तक बिकी। इसी तरह चने के भाव 4500 से 5830 रुपए क्विंटल रहे। वहीं तेवड़ा 3475 से 3475 के भाव बिकी। इसी तरह सोयाबीन 3700 से 5900 रुपए क्विंटल के भाव वहीं गेंहू 2100 से 3030 के भाव रहा और करीब 360 किसानों ने अपने अनाज का विक्रय किया।

न्यूज कार्नर

150 वाहनों के साथ निकली कृषि विभाग की रैली

विदिशा। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने के निर्णय के अंतर्गत जिले में जागरूकता गतिविधियों का सिलसिला निरंतर जारी है। प्रदेशभर में वर्षभर 38 प्रकार की गतिविधियों के आयोजन की रूपरेखा तय की गई है। इसी के तहत में किसानों के सम्मान, विभागीय योजनाओं की जानकारी अंतिम किसान तक पहुंचाने तथा जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को विदिशा में कृषि विभाग द्वारा मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को रवीन्द्रनाथ टैगोर भवन से विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत के कृषि सभापति धनराज सिंह दांगी, वीर सिंह रघुवंशी,एवं एसडीएम क्षितिज शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली दोपहर 12 बजे प्रारंभ होकर अहमदपुर चौराहा, पीतलमील चौराहा, ओवर ब्रिज, खरी फाटक रोड, कांच मंदिर, तिलक चौक, एमएलबी कन्या हायर सेकेंडरी स्कूलए डंडापुरा, गुलाब वाटिका, न्यू बस स्टैंड, नीमताल होते हुए पुनः ओवर ब्रिज के रास्ते रवीन्द्रनाथ टैगोर भवन पहुंची। जहां दोपहर 1.30 बजे इसका समापन हुआ। रैली में लगभग 150 मोटर साइकिलों पर विभागीय अधिकारी.कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में कृषक एवं व्यापारी शामिल हुए।

सेवानिवृत्त होने पर शिक्षक शर्मा को दी विदाई

विदिशा। महेन्द्र शर्मा सहायक शिक्षक एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय गुरारिया हवेली से 41 बर्ष से अधिक की सराहनीय सेवा के बाद 31 जनवरी 26 को सेवनिवृत हो गये हैं। इन्होंने ने शासकीय सेवा 1984 में ग्यारसपुर ब्लाक में शासकीय प्राथमिक विद्यालयों हाटखेड़ा से प्रारम्भ की थी इसके उपरांत वह विभिन्न विधायकगणों और पूर्व मंत्री सूर्य प्रकाश मीणा के यहां निज सहायक के रूप में सेवा प्रदान की। इनकी गौ सेवाएं के अलावा मानवता की सेवा, सामाजिक, धार्मिक, कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाये उतनी कम है।31 जनवरी को एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय गुरारिया हवेली में आयोजित विदाई कार्यक्रम के शुभारंभ मैं मां सरस्वती पूजा वंदना के उपरांत शाला की बच्चियों स्वागत गीता बाद शाला प्रभारी श्वेता श्रीवास्तव एवं स्टाफ पुष्प मालाओं से स्वागत कार्यक्रम के उपरान्त राकेश कुमार जैन ने शर्मा को तिलक लगाकर साल श्रीफल भेंट किया। इसके साथ ही मान.पत्र का वाचन दिलीप धनवानी द्वारा करने के साथ मान.पत्र और स्मृति चिन्ह को शाला प्रभारी श्वेता श्रीवास्तव, शोभा सोनी, सुषमा साहू, राकेश जैन, सचिन जैन ने सामूहिक रूप से भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र हुनडैत ने किया। इसके साथ ही राजेन्द्र ठाकुर शिक्षक ने कार्यक्रम में मधुर गीत सुना कर कार्यक्रम को रोचक बना दिया। शर्मा और परिवार द्वारा शाला के बच्चों को गिफ्ट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर महेन्द्र शर्मा के परिवार सहित प्रभारी संकुल प्राचार्य मीना तोमर, सतीश वास्तव, दिलीप, रणधीर सिंह रघुवंशी, हेमन्त सोनी, जीएस तोमर, सुरेश शर्मा, नीलेश व्यास आदि ने शर्मा का साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

रायखेड़ी डकैती के मामले में चार आरोपी और 1 नाबालिग गिरफ्तार

घर में बंधक बनाकर की थी 1 करोड़ की डकैती, हुआ खुलासा, दो जानकारों ने मिलकर बनाई थी योजना

जागरण विदिशा

जिले में त्योंदा थानांतर्गत ग्राम रायखेड़ी में पिछले दिनों हुई एक घर में परिजनों को बंधक बनाकर करीब 1 करोड़ की डकैती के मामले में पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। इस मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों एवं 1 विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार कर नगदी, स्वर्ण-रजत आभूषण, वाहन, मोबाइल एवं हथियार सहित करीब रु1 करोड़ का मशरूका बरामद किया गया है। इस डकैती में दो व्यक्ति ऐसे हैं जो फरियादी से संबंधित जानकारी रखते थे और उन्होंने ही मिलकर अन्य लोगों के सहयोग से इस डकैती की योजना बनाई थी।

शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में इस संबंध में पत्रकार वार्ता का आयोजन हुआ जिसमें एसपी रोहित काशवानी ने डकैती मामले में खुलासा किया। इस मौके पर एडिश्नल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक काशवानी ने बताया कि 23-24 जनवरी 2026 की मध्यरात्रि को 55 वर्षीय फरियादी बृजबिहारी पिता स्व. आशाराम कुर्मी निवासी ग्राम रायखेड़ी, थाना त्योदा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि अज्ञात बदमाशों ने उनके घर में घुसकर उन्हें व परिवारजनों को बंधक बनाकर सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी लूट ली है।इस घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए थाना त्योदा में अपराध क्रमांक 10/26 अंतर्गत धारा 309(6), 312, 331(6), 310(2), 336(2), 336(3), 340(2) बीएनएस, धारा 25/27 आर्म्स एक्ट एवं धारा 192 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

44 तोला सोना, 1 किलो से अधिक चांदी सहित 10 लाख रुपए जब्त

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इन आरोपियों से करीब 1 करोड़ रुपए का मशरुका जब्त किया गया है। इसमें 44 तोला सोना जिसमें सोने के हार, अंगूठियां, सोने की चेन, कमलबंद, लॉकेट, कान के झाले, हथफूल, बाजूबंद, चूड़ियां, सहित 1 किलो 300 ग्राम चांदी के जेवर 10 लाख नगदी राशि, 5 मोबाइल फोन, 1 मोटरसाइकिल, 1 देशी कट्टा 315 बोर एवं 1 तलवार जब्त की है। बरामद मशरुका के संबंध में की गई कार्रवाई में ग्राम बहादुरपुर एवं ग्राम रायखेडी से कुल 16 तोला सोना बरामद किया गया, जबकि शेष स्वर्ण-रजत आभूषण एवं अन्य मशरुका ग्राम रजवास, थाना राहतगढ़ क्षेत्र से बरामद किया गया।

इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

डकैती के इस मामले में पुलिस ने छोटू उर्फ धनसिंह उम्र 21 वर्ष, निवासी सेमरा गोपालमन, थाना जैसानगर, बिहारीलाल कुशवाह, 33 वर्ष, निवासी रायखेडी, थाना त्योदा, जयदीप अहिरवार, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम बहादुरपुर, थाना राहतगढ़, संदीप अहिरवार, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम बहादुरपुर, थाना राहतगढ़ एवं 1 विधि विरुद्ध बालक भी प्रकरण में संलिप्त पाया गया है इन सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्त में लिया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक यह आरोपी पूर्व में भी विभिन्न अपराध कर चुके हैं। प्रकरण में की गई पुलिस कार्रवाई के दौरान 2 आरोपियों 1 विधि विरुद्ध बालक की गिरफ्तारी ग्राम बहादुरपुर, राहतगढ़ क्षेत्र से की गई, जबकि 1 आरोपी को ग्राम रायखेडी, त्योदा से गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त 1 आरोपी की गिरफ्तारी ग्राम रजवास, थाना राहतगढ़ द्वारा की गई।

वारदात का पहला आरोपी राहतगढ़ पुलिस के हाथ लगा

इस घटना का पहला आरोपी राहतगढ़ पुलिस के हाथ लगा। दरअसल 24 जनवरी 2025 की दरम्यानी रात थाना राहतगढ़ क्षेत्र अंतर्गत लड़ाई-झगड़े के एक इवेंट में डायल-112 वाहन जा रहा था। इस वाहन को आते देख वहां मौजूद इस प्रकरण का आरोपी घबरा गया तथा भागने के प्रयास में लूट-चोरी का मशरुका सड़क पर गिरा दिया। डायल-112 में तैनात पुलिस बल द्वारा तत्परता एवं सतर्कता का परिचय देते हुए तत्काल कार्रवाई की और आरोपी को मौके से ही मशरुका सहित गिरफ्तार कर लिया। यह संपूर्ण कार्रवाई एसडीओपी (पुलिस) राहतगढ़ योगेन्द्र सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राहतगढ़ निरीक्षक मुकेश सिंह ठाकुर व अन्य पुलिस कर्मचारियों ने की। एसपी ने बताया कि इसमें अधिकांश मशरुका की बरामदगी राहतगढ़ पुलिस ने की और जो शेष रह गया था वह विदिशा पुलिस ने बरामद किया।

इधर विदिशा जिले में भी पुलिस रही सक्रिय

वहीं इस डकैती की वारदात के बाद जिले में भी पुलिस सक्रिय बनी हुई थी।पुलिस ने थाना त्योंदा, राहतगढ़, सागर, इंदौर एवं आसपास के क्षेत्रों के 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का सूक्ष्म विश्लेषण, जिला फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ द्वारा वैज्ञानिक परीक्षण और 150 से अधिक संदिग्धों से गहन पूछताछ कर तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर तंत्र एवं सतत मैदानी पतारसी के उक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप आरोपियों को ग्राम रायखेडी एवं ग्राम बहादुरपुर थाना राहतगढ़ से गिरफ्तार किया गया। एसपी काशवानी के मुताबिक इस वारदात का मास्टर माइंड बिहारीलाल एवं संदीप है। बिहारी लाल को घर एवं फरियादी की आर्थिक स्थिति एवं घर के आनेजाने के रास्तों का ज्ञान था।इन दोनों ने इस वारदात में अन्य लोगों को शामिल किया और सभी ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया।

जिले की सभी 154 पैक्स समितियों को किया कम्प्यूटरीकृत

जागरण विदिशा

केन्द्र सरकार की पैक्स कम्प्यूटराईजेशन योजना के तहत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित से सम्बद्ध समस्त 154 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत किया जा चुका है। इससे किसानों को सीधा और लाभ मिलेगा। उक्त संबंध में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि भारत सरकार की प्रमुख पहल सहकार से समृद्धि के तहत पैक्स कम्प्यूटराईजेशन योजनान्तर्गत जिले की समस्त 154 सहकारी समितियां पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत हो चुकी हैं, जिसके कारण समितियों से जुड़े क्षेत्र के समस्त कृषकों को अपने लेन-देन में पारदर्शिता परिलक्षित हो रही है एवं समितियों तथा बैंक के प्रति विश्वास के भाव में और वृद्धि हुई है एवं समित्तियों का कार्य भी सरल हुआ है। साथ ही समितियों के कम्प्यूटराईजेशन होने से समय की बचत भी होने लगी है। यह कार्य कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के ई.पैक्स होने से अब हर लेन-देन, ऋण वितरण, वसूली और लेखांकन ऑनलाईन होने लगा हैं। प्राथमिक समितियों के समस्त कृषकों को रबीध्खरीफ में ऋण, खाद वितरणए फसल बीमा व अन्य सेवायें मिलती है। डिजिटल व्यवस्था से रोजाना का हिसाब, आवक-जावक का लेखा.जोखा और रिकार्ड बैंकिंग तर्ज पर सुरक्षित रहेंगा। किसानों को तेज और पारदर्शी ऋण सुविधा, कम कागजी कार्यवाही और समय पर जानकारी भी मिलेगी एवं सहकारी संस्थाओं का ऑडिट आसान होगा, जिससे धोखाधड़ी पर भी अंकुश लगेगा। एवं शीघ्र ही कृषकों को एसएमएस की सुविधा भी प्रदान की जा रही हैं।

अयोध्या बस्ती माता मंदिर के पास खुलेआम बिक रही शराब, रहवासी व श्रद्धालु परेशान

शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्यवाही, प्रशासन सुस्त

जागरण कुरवाई

अयोध्या बस्ती प्रसिद्ध माता बाग मंदिर के आसपास का इलाका धार्मिक आस्था का केंद्र है। जहां दूर-दूर से भक्त माता के दर्शन के लिए आते हैं। लेकिन हाल के दिनों में यहां एक गंभीर समस्या सामने आई है। मंदिर परिसर के निकट ही खुलेआम कच्ची शराब अवैध कच्ची देसी शराबब्द्ध की बिक्री हो रही है। स्थानीय लोगों और भक्तों के अनुसार, मंदिर में पूजा-पाठ करने आए श्रद्धालु, खासकर महिलाएं और माता बहनें, कच्ची शराब की तेज़ बदबू और नशे में धुत्त लोगों के कारण असहज महसूस कर रहे हैं। एक भक्त ने बताया, मंदिर के लिए आने वाले रास्ते पर ही शराब बिक रही है। बदबू से मन खराब हो जाता है और बच्चे-महिलाओं को डर लगता है। माता बाग मंदिर क्षेत्र में धार्मिक महत्व होने के बावजूद, प्रशासन और आबकारी विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। माता बाग मंदिर और रूसिया के टपरे बागड़ी खरिया नयापुरा आदि स्थानीय इलाकों में कच्ची शराब की समस्या बनी हुई है।

स्थानीय निवासियों ने शिकायत की है कि अवैध कच्ची शराब की बिक्री से न केवल धार्मिक स्थल की पवित्रता प्रभावित हो रही है, बल्कि युवाओं में नशे की लत भी बढ़ रही है। एक महिला भक्त ने कहा हम माता के दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन शराब की गंध और लोगों का व्यवहार देखकर मन उदास हो जाता है। प्रशासन को तुरंत ध्यान देना चाहिए। आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस से जब इस मामले पर प्रतिक्रिया मांगी गई, तो अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका। यह मामला धार्मिक स्थलों की सुरक्षा और पवित्रता बनाए रखने की चुनौती को उजागर करता है। उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही संज्ञान लेगा और माता बाग मंदिर क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाएगा, ताकि भक्त बिना किसी असुविधा के पूजा-अर्चना कर सकें।

दिघोनी पंचायत में विधायक ने निर्माण कार्यों का किया भूमि पूजन

जागरण नटेरन

शमसाबाद विधानसभा क्षेत्र की दिघोनी ग्राम पंचायत में हाट बाजार, शांति धाम, सामुदायिक भवन के साथ लाखों रुपए के निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं भूमि पूजन विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह रघुवंशी, सरपंच धीरज सिंह रघुवंशी, युवामोर्चा मण्डल अध्यक्ष शैलेंद्र रघुवंशी के साथ पार्टी कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया की खबर को शंकर हॉस्पिटल के संचालक ने बताया भ्रामक

जागरण विदिशा

स्थानीय शंकर हॉस्पिटल के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर पर अस्पताल प्रबंधन ने नाराजगी जताते हुए इस खबर को गलत एवं भ्रामक बताया है।

शनिवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में अस्पताल संचालक डॉ. चंद्रकांत चौरसिया ने बताया कि जिस मरीज के संबंध में जानकारी दी गई उसमें मरीज के उपचार में किसी तरह की लापरवाही अस्पताल प्रबंधन नहीं गई। उन्होंने बताया कि मरीज के भर्ती होने से लेकर डिस्चार्ज होने तक प्रतिदिन सुबह शाम काउंसलिंग की गई। साथ ही 29 तारीख की रात 9.30 बजे उनके परिजन डॉ. राजीव जैन के समक्ष मरीज की ईसीजी की गई। भर्ती होने से लेकर वेंटीलेटर हटाने तक मरीज की ईसीजी कई बार हुई है। जिसमें की प्रॉपर कार्डिक एक्टिविटी प्रजेंट थी। मरीज के परिजन संतुष्ट थे। सभी ने साथ मिलकर वेंटीलेटर हटाने का निर्णय किया। इसमें परिजनों ने भी लिखित सहमति दी थी। वेंटीलेटर हटाने के कुछ समय बाद मरीज की हृदयगति बंद हुई और परिजनों को मृत शरीर सौंपा गया। उन्होंने सोशल मीडिया की इस खबर को भ्रामक और गलत बताते हुए कलेक्टर एसपी सहित कोतवाली थाने में भी कार्यवाही के लिए आवेदन दिया है।

वात्सल्य के विद्यार्थियों ने खेलो एमपी में किया शानदार प्रदर्शन

जागरण विदिशा

वात्सल्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने खेलो एमपी 2026 प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। ताइक्वांडो प्रतियोगिता में छात्रा शीतल कुशवाह ने शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं की छात्रा सिमर कुशवाह ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल है। संस्था डायरेक्टर देवना अरोरा और नम्रता अरोरा ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्राचार्य संजय शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

भैरव मेला में भरत मिलाप की लीला का मंचन

जागरण नटेरन

भैरव जी का ऐतिहासिक मेले में रामलीला में केवट संवाद दशरथ मरण लीला के पश्चात भरत मिलाप की लीला का अनूठा मंचन हुआ। रामलीला मेला समिति अध्यक्ष ओपी श्रीवास्तव के निर्देशन में चल रही रामलीला में लीला अनुसार वनवास में रामलक्ष्मण जानकी सहित चित्रकूट पहुंचे। वहां मुनि के आश्रम में खुशियां मनाई जा रही थी। इधर अयोध्या में श्रीराम के वियोग में महाराजा दशरथ ने प्राण त्याग दिए पूरे अयोध्या में शोक छा गया। मुनि ने सभी परिवार को धैर्य वंधाया भरत शत्रुघ्न को बुलाया गया।

दोनों भाई माता कौशल्या से मिले। इसके बाद माता केकई से मिलने पहुंचे। पिताजी की पूछताछ की माता कैकई ने

कहा कि भरत मैंने तुम्हें राजतिलक दिला दिया। इस पर भरत काफी नाराज हुए। मंथरा की कुटिलता रामजी के वन गमन से काफी दुखी हुए इतना सुनते ही क्रोध में शत्रुघ्न ने उमघ लात एक कुंवड़ मारा और मंथरा पर लातो का प्रहार किया। भरत ने छुड़ाया गुरु वशिष्ठ मुनि जनों ने समझाया। यह विधाता की गति है समय अनुसार महाराजा दशरथ का अंतिम संस्कार किया। इसके उपरांत भरत श्रीराम को मनाने सभी माता मंत्रियों गुरु, वशिष्ठ, मुनियों की सहमति पाकर प्रजाजन सहित चित्रकूट चलने को तत्पर हो गए। साथ ही भरत चित्रकूट तक जाने में पदयात्रा का प्रण लिया। प्रातकाल रामजी का स्मरण करते हुए उनका स्नेह याद करते आंखों में आंसू धारा लिए चले जा रहे हैं। मार्ग में निषाद राज उनके साथ हो गए। जब चित्रकूट के पास धूल उड़ती देख लक्ष्मण ने शंका प्रकट की भरत सेना सहित युद्ध के लिए आ रहे हैं। राम के समझाने पर कि भरत ऐसा स्वप्न में भी नहीं सोच सकते हैं और लक्ष्मण की शंका विलुप्त हो गई प्रसंग अनुसार भरत जी राम नाम जप करते हुए राम जी को देखकर उनके चरणों में दंडवत गिर जाते हैं राम जी स्नेह से परिपूर्ण भारत जी को अपने हाथों से उठाकर गले लगाते हैं।

आज विदिशा के शहनाई गार्डन में जुटेंगे जिलेभर के समाजजन

रघुवंशी समाज का जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन

जागरण विदिशा/गंजबासौदा

रघुवंशी समाज की एकता, संवाद और भावी पीढ़ी के सशक्त भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में आज रविवार 1 फरवरी को विदिशा के शहनाई गार्डन में जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं करियर काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में समाज के जनप्रतिनिधि, अधिकारी सहित अन्य पदों पर प्रतिष्ठित, समाज को मार्गदर्शन देने वाले वरिष्ठ जन भी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। सम्मेलन को लेकर बीते दिनों समाज द्वारा व्यापक जनसंपर्क अभियान चला चला कर जिले भर में समाजजन को सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है।

घर-घर व्यक्तिगत संपर्क, गांव-गांव संवाद और सोशल मीडिया के माध्यम से समाजजनों को सम्मेलन से जोड़ने का प्रयास किया गया। विदिशा रघुवंशी समाज के आवाहन पर आयोजित इस सम्मेलन में जिलेभर से लगभग एक हजार समंजन सम्मेलन में शामिल रहेंगे। यह आयोजन केवल वैवाहिक परिचय या करियर मार्गदर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की एकता, संस्कार और आपसी विश्वास को मजबूत करने का माध्यम है। जनसंपर्क के दौरान कई परिवारों ने मौके पर ही पंजीकरण कराया और अन्य समाजबंधुओं को भी जोड़ने का भरोसा जताया। समाजजनों का कहना है कि ऐसे आयोजनों से संवाद बढ़ता है और समाज और अधिक संगठित होता है। आयोजन समिति ने जिले भर के रघुवंशी समाज के बंधुओं से सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है।

समाज के जनप्रतिनिधि अधिकारी भी रहेंगे मौजूद

यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा माह के दौरान मोटरसाइकिलों से निकलवाए थे मॉडिफाइड सायलेंसर

कार्यवाही: शोर मचाने वाले 55 सायलेंसरों को रोड रोलर से कुचला

जागरण विदिशा

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 1 से 31 जनवरी तक मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात पुलिस विदिशा द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं आमजन को सुरक्षित एवं शांत वातावरण उपलब्ध कराने हेतु लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। अभियान के दौरान ध्वनि प्रदूषण फैलाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 55 मॉडिफाइड सायलेंसर जप्त किए गए थे।

जप्त किए गए सायलेंसरों को शनिवार को नीमताल चौराहे पर रोड रोलर चढ़ाकर सार्वजनिक रूप से नष्ट किया गया, जिससे आमजन को यातायात नियमों के पालन एवं ध्वनि प्रदूषण के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा सके। एसपी रोहित काशवानी द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को

अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु मुख्य मार्गों एवं सीमांत क्षेत्रों में सतत वाहन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में एएसपी प्रशांत चौबे एवं सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में तथा थाना यातायात प्रभारी आशीष राय, यातायात प्रभारी बासौदा निरपत सिंह लोधी एवं यातायात प्रभारी सिरोंज सूबेदार रितेश बघेला एवं स्टाफ द्वारा समस्त थाना, चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को दी नियमों की जानकारी

थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा जिले में निरंतर जन जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना सिविल लाइन प्रभारी आरके मिश्र की उपस्थिति में प्रथम एज्युकेशन फाउंडेशन एनजीओ संस्था में यातायात जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को यातायात नियमों के पालन, सड़क सुरक्षा उपायों एवं जीवन रक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थितजनों को शासन की राह.वीर योजना, कैशलेस उपचार योजना एवं हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना के संबंध में अवगत कराते हुए सड़क दुर्घटना की स्थिति में त्वरित सहायता, जिम्मेदार नागरिक की भूमिका एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई।

कुरवाई में भी सड़क सुरक्षा नियमों की दी जानकारी

वहीं दूसरी और थाना कुरवाई क्षेत्र के ग्राम जरगवां में शासकीय महाविद्यालय कुरवाई द्वारा आयोजित एनएसएस कैंप में सहभागिता की गई। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम कुरवाई के साथ उपस्थित होकर ग्रामीण जनों एवं छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों, सुरक्षित वाहन संचालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग तथा यातायात नियमों के पालन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 150 से अधिक ग्रामीणजन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को रुचि के साथ सुना एवं सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का संकल्प लिया।